

Dr. Manoj Jain
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS QUESTIONS

पुलिस
PATWAR
HIGH COURT
रेलवे
JE, Group-D, TC, RPF
BANK
SSC
CGL, 10+2, CPO-SI, MTS
शिक्षक
I st ग्रेड
REET
I, II Level

# CURRENT G.K.

## MCQ QUESTIONS

## 29 September 2022



डॉ. मनोज जैन द्वारा संचालित

# काव्य क्लासेज ®

मोदी कॉलेज रोड, दादाबाड़ी, कोटा ( राज. )


पता : मोदी कॉलेज रोड़, दादाबाड़ी, कोटा (राज.)

Helpline : 94601-22225, 81045-02225

## 29 सितंबर का इतिहास

- **1836 :** मद्रास चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की स्थापना में हुई।
- **1962 :** कोलकाता में बिड़ला तारामंडल खुला।
- **1789 :** अमेरिका के युद्ध विभाग ने स्थाई सेना स्थापित की।
- **1650 :** इंग्लैंड में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरूआत हुई।
- **1977 :** सोवियत संघ ने स्पेस स्टेशन साल्युत 6 को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया।
- **1911 :** इटली ने ऑटोमन साम्राज्य के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

## 29 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण शुरू करने की योजना बना रहा है। इसे 2025-26 तक वायु प्रदूषण को 40 प्रतिशत तक कम करने के लिए लॉन्च किया जा रहा है। इस सर्वे के लिए 131 शहरों को जनसंख्या के आधार पर तीन समूहों में बांटा गया है। पहले समूह में एक मिलियन से अधिक आबादी वाले 47 शहर शामिल है। दूसरे समूह में 44 शहर हैं जिनकी आबादी तीन से दस लाख तक है। तीसरे समूह में तीन लाख से कम आबादी वाले 40 शहर शामिल है। शहरों को मंत्रालय के ऑनलाइन पोर्टल पर सेल्फ असेसमेंट करना होगा।
- भारत के पूर्व हॉकी कप्तान दिलीप तिर्की को हॉकी इंडिया का अध्यक्ष चुना गया। इस शीर्ष पद के लिए दिलीप तिर्की का चुनाव निर्विरोध हुआ। इसके साथ ही यह पहली बार है जब कोई पूर्व खिलाड़ी और ओलंपियन इस राष्ट्रीय निकाय का नेतृत्व करेगा। बता दे कि हॉकी इंडिया के चुनाव 1 अक्टूबर को होने वाले थे, लेकिन पद के लिए कोई प्रतियोगी नहीं होने के कारण परिणाम पहले ही घोषित कर दिए गए। उत्तर प्रदेश हॉकी प्रमुख राकेश कत्याल और हॉकी झारखंड के भोला नाथ सिंह द्वारा अपना नामांकन वापस लेने के बाद तिर्की को चुना गया।
- दूरसंचार विभाग ने इंटरनेट आधारित ओवर-द-टॉप दूरसंचार सेवाओं को विनियमित करने के लिये भारतीय दूरसंचार विधेयक प्रस्ताव 2022 जारी किया।
- केंद्रीय ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने अग्नि तत्व की मूल अवधारणा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिये अग्नि तत्व पर्यावरण के लिये जीवनशैली हेतु ऊर्जा अभियान शुरू किया, एक ऐसा तत्व जो ऊर्जा का पर्याय है तथा पंचमहाभूत के पाँच तत्वों में से एक है। यह विषय विशेषज्ञों के सीखने और अनुभवों पर विचार-विमर्श करने व सभी के लिये एक स्थायी भविष्य हेतु समाधान तलाशने के लिये एक मंच प्रदान करेगा। इसके अलावा इसमें स्वास्थ्य, परिवहन, खपत और उत्पादन, सुरक्षा, पर्यावरण एवं आध्यात्मिकता पर ध्यान केंद्रित करने वाले कई महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया जाएगा।
- भारतीय दूरसंचार विधेयक 2022 का उद्देश्य दूरसंचार क्षेत्र के शासन में बदलाव लाना है। यह केंद्र को कई क्षेत्रों में अधिक शक्ति देगा। इस विधेयक के साथ, सरकार का लक्ष्य दूरसंचार सेवाओं के विकास, विस्तार और संचालन से संबंधित मौजूदा शासी प्रावधानों में संशोधन करना है। विधेयक के मसौदे के अनुसार दूरसंचार सेवाओं के प्रदाताओं को लाइसेंसिंग व्यवस्था के तहत कवर किया जाएगा।
- इनोवेशन रोड-मैप ऑफ दी मिशन इंटीग्रेटेट बायो-रीफायनरीज ब्राजील, कनाडा, ईसी और यूके से मिले नतीजों और निष्कर्षों के आधार पर विकसित किया गया है। पहल का मुख्य लक्ष्य वैश्विक सहयोग बढ़ाना और ऊर्जा क्षेत्र में आरडी एंड डी के लिए वित्त पोषण को बढ़ावा देना है। इनोवेशन रोड-मैप ऑफ दी मिशन इंटीग्रेटेट बायो-रीफायनरीज का उद्देश्य पहचाने गए खामियों को भरना और बायोरिफाइनिंग मूल्य श्रृंखल में मौजूदा चुनौतियों को हल करना है।
- दक्षिण एशिया के पांच पाम तेल आयात करने वाले देशों के खाद्य तेल व्यापार संघों ने एशियन पाम ऑयल एलायंस की स्थापना की घोषणा की है। गठबंधन का उद्देश्य सौदेबाजी की शक्ति हासिल करना और आयात को टिकाऊ बनाना है।
- पूर्व न्यायाधीश एल नागेश्वर राव को आईओए के संविधान में संशोधन के लिए नियुक्त किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय ओलंपिक संघ के संविधान करने और एक इलेक्टोरल कॉलेज तैयार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एल नागेश्वर राव को नियुक्त किया। शीर्ष अदालत ने न्यायमूर्ति राव को ओलंपिक संघ के संविधान में संशोधन करने और इस साल 15 दिसंबर तक संगठन के चुनाव कराने के लिए रोडमैप तैयार करने को कहा है।
- भारतीय सेना असम राज्य पुलिस के कमांडो भर्तियो को प्रशिक्षित करेगी।
- नागालैंड अपनी स्वंय की स्वास्थ्य बीमा योजना CMHIS शुरू करेगा।
- गुजरात सरकार ने मवेशी नियंत्रण विधेयक को वापस लेने का निर्णय लिया है।

काव्य क्लासेज

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व समुद्री दिवस (World Meritime Day) हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 22 सितंबर (B) 25 सितंबर
(C) 27 सितंबर (D) 29 सितंबर

**(D)** विश्व समुद्री दिवस हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य समुद्री वातावरण की सुरक्षा, समुद्र की सुरक्षा, समुद्री उद्योग और शिपिंग सुरक्षा के महत्व के प्रति लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करना है। यह दिवस पहली बार साल 1978 को मनाया गया है।




**2. विश्व हृदय दिवस (World Heart Day) हर प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 29 सितंबर (B) 30 सितंबर
(C) 1 अक्टूबर (D) 2 अक्टूबर

**(A)** विश्व हृदय दिवस हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता है। वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन द्वारा विश्व हृदय दिवस मनाने की शुरूआत हुई। यह एक वैश्विक अभियान है जिसके माध्यम से लोगों को यह बताया जाता है कि हृदय रोग से कैसे बचा जा सकता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य हृदय रोग, इसकी रोकथाम और दुनिया भर के लोगों पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।




**3. पहले भारत ग्रांड प्रिक्स 2023 (MotoGP दोपहिया चैंपियनशिप रेस) की मेजबानी कौनसा शहर करेगा ?**

(A) देहरादून (उत्तराखंड) (B) ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश)
(C) गुवाहाटी (असम) (D) अहमदाबाद (गुजरात)

**(B)** पहले भारत ग्रांड प्रिक्स 2023 (MotoGP दोपहिया चैंपियनशिप रेस) की मेजबानी ग्रेटर नोएडा (उत्तर प्रदेश) शहर करेगा। इस प्रतियोगिता में 19 देशों के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे जिससे देश में रोजगार के अलावा पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।




**4. महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के लिए हमर बेटी-हमर मान नामक अभियान को किस राज्य सरकार ने शुरू किया है ?**

(A) महाराष्ट्र (B) हरियाणा
(C) उत्तरप्रदेश (D) छत्तीसगढ़

**(D)** हमर बेटी, हमर मान अभियान के तहत छत्तीसगढ़ राज्य पुलिस की महिला अधिकारी और कर्मचारी प्रदेश के सभी जिलों के स्कूल, कॉलेजों में जाकर बेटियों को उनके कानूनी अधिकार की जानकारी देगी। इसके अलावा हमर बेटी हमर मान हेल्पलाइन के लिये एक मोबाइल नंबर भी जारी किया जाएगा, जिस पर शिकायत करने से प्राथमिकता पर कार्रवाई होगी।




**5. राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए किस राज्य सरकार ने CMHIS नामक अपनी स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की है ?**

(A) कर्नाटक (B) तमिलनाडु
(C) नागालैंड (D) ओडिशा

**(C)** राज्य के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए नागालैंड राज्य सरकार ने CMHIS नामक अपनी स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य राज्य के सभी वास्तविक नागरिकों के लिए अस्पताल की देखभाल पर होने वाले खर्च को कम करना है। इस योजना के तहत लाभार्थी परिवार के प्रति वर्ष में पांच लाख रुपये तक के मुफ्त स्वास्थ्य बीमा कवरेज के हकदार होंगे।



**6. हाल ही में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है ?**

(A) सुरेंद्र कुमार (B) सरदारा सिंह

(C) दिलीप टिर्की (D) उपरोक्त सभी

**(C)** भारत के पूर्व हॉकी कप्तान ओर 1998 के एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य दिलीप टिर्की को सर्वसम्मति से हॉकी इंडिया के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। इतिहास में पहली बार एक पूर्व खिलाड़ी और एक ओलंपियन को हॉकी इंडिया के प्रमुख के रूप में चुना गया है।



**7. किस भारतीय लेखिका और कवयित्री ने PEN जर्मन हरमन केस्टन पुरस्कार 2022 जीता है ?**

(A) मीना कंडासामी (B) नासिरा शर्मा

(C) प्रभा खेतान (D) महादेवी वर्मा

**(A)** भारतीय कार्यकर्ता-लेखिका और कवयित्री मीना कंडासामी ने हरमन केस्टन पुरस्कार 2022 जीता है। PEN जर्मन हरमन केस्टन पुरस्कार PEN इंटरनेशनल के चार्टर के सिद्धांतों के अनुसार सताए गए लेखकों के समर्थन में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए दिया जाता है, और यह पुरस्कार 1985 में पहली बार शुरू किया गया था।



**8. भारत की पहली फुल आर्म ट्रांसप्लांट सर्जरी किस अस्पताल में की गई है ?**

(A) गायत्री अस्पताल (पंजाब) (B) स्पंदन अस्पताल (लखनऊ)

(C) अमृता अस्पताल (कोच्चि) (D) अशोका अस्पताल (हिमाचल प्रदेश)

**(C)** कोच्चि के अमृता अस्पताल में भारत की पहली फुल आर्म ट्रांसप्लांट सर्जरी की गई है। कर्नाटक के रहने वाले 25 साल के अमरेश ने बिजली के झटके के कारण अपने दोनों हाथ खो दिए थे जिसके बाद 20 सर्जन और 10 एनेस्थेटिस्ट्स वाली टीम ने यह सर्जरी की है और यह सर्जरी पूरे 18 घंटे तक चली है।



**9. इतिहास में पहली बार किस राज्य की विधानसभा में महिला विधानसभा सदस्यों के लिए पहले दिन एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया है ?**

(A) उत्तरप्रदेश (B) मध्यप्रदेश

(C) झारखंड (D) तेलंगाना

**(A)** इतिहास में पहली बार उत्तरप्रदेश राज्य की विधानसभा में महिला विधानसभा सदस्यों के लिए पहले दिन एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया है। उत्तरप्रदेश विधानमंडल में महिला विधानसभा सदस्यों के लिए पहले दिन के विशेष सत्र में सिर्फ महिला विधायकों को बोलने और प्रश्न करने का अवसर दिया गया है।



**10. अंतरिक्ष में सबसे लंबे समय तक अकेले रहने का रिकॉर्ड रखने वाले किस सोवियत अंतरिक्ष यात्री का हाल ही में निधन हो गया है ?**

(A) डेनियल पाब्लो (B) लोवियम सोमानी

(C) वालेरी पॉलाकोव (D) कालोनी नायका

**(C)** अंतरिक्ष में 437 दिनों का वैलेरी पॉलाकोव का रिकॉर्ड 8 जनवरी 1994 को शुरू हुआ था। सोवियत अंतरिक्ष स्टेशन मीर पर सवार रहते हुए उन्होंने 22 मार्च 1995 को पृथ्वी पर वापस लौटने से पहले 7000 से अधिक बार पृथ्वी की परिक्रमा की। उन्होंने एक चिकित्सक के रूप में प्रशिक्षण लिया और बाहरी अंतरिक्ष में विस्तारित अवधि का सामना करने के लिए मानव शरीर की क्षमता का प्रदर्शन किया।

